an>

Title: Need to construct railway overbridges at various railway crossings in Maharajganj Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र 19 महाराजगंज, गृह जिला सारण, बिहार के अंतर्गत श्यामचक से करींगा के मध्य एन.एच. 101 पर रेलवे क्रॉसिंग जो छपरा सीवान रेल खंड पर और छपरा से बनारस रेल खंड पर एवं ब्रह्मपुर से जलालपुर के बीच एन.एच. 85 पर रेलवे क्रॉसिंग के साथ-साथ राजेन्द्र सरोवर से जगदम महाविद्यालय के बीच रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर रेल उपरगामी पुल जनहित में बनाया जाना अति आवश्यक है। इस पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटी, बड़ी, निजी और भारी मालवाहक गाड़ियों के साथ-साथ लोगों का भी आवागमन रहता है। कभी-कभी यह क्रॉसिंग घंटों बंद रहता है जिसके कारण आम लोगों को आने-जाने में कठिनाई होती ही है, रोगियों को रेलवे फाटक बंद रहने के कारण दम तोड़ना पड़ता है और परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित रहना पड़ता है। इस संदर्भ में सदन के माध्यम से मेरे द्वारा पूर्व में भी सरकार से उपरोक्त स्थानों पर रेलवे क्रॉसिंग बनाने के लिए आग्रह किया गया है, लेकिन अभी तक उस पर कोई सार्थक कार्यवाही नहीं हुई है। अत: सरकार से मेरा पुन: निवेदन है कि उपरोक्त रेलवे क्रॉसिगों पर उपरगामी पुल का निर्माण कराए जाने के संबंध में जनहित में शीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।